No. of Printed Pages : 10 **MEC–205**

# M. A. (ECONOMICS)

# (MEC/MAEC)

# Term-End Examination

# June, 2025

## MEC–205 : INDIAN ECONOMIC POLICY

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt questions from each Section as per instructions given.*

## Section–A

***Note*** : *Attempt any **two** questions from this Section in about **700** words each.*

2×20=40

1. Discuss the trends of contribution of service sector and causes of its rapid increase in India. Explain how an

'Integrated Service Policy' can help in solving the problem of low productivity and quality in service sector. 10+10=20

2. What are the objectives of monetary policy in India. Describe the evolution of present monetary framework in India. 8+12=20

3. What are the main challenges faced by MSME sector ? Describe the policy measures taken by the government to provide a favourable environment to MSME sector.

   10+10=20

4. Describe the important changes in the direction and composition of India's external trade in recent years. Will it help in reducing the deficit in the current account of Balance of Payments ? 5+5+10=20

## Section–B

***Note*** : *Attempt any **five** questions from this Section in about **400** words each.*

5×12=60

5. Describe the concept of 'Demographic Dividend'. How can India harness the benefits of it ? 4+8=12

6. What are the different instruments and institutions of state intervention ? Explain in brief the need for state intervention in the market. 6+6=12

7. What do you understand by the term 'fiscal federalism' ? Identify the critical issues in fiscal federalism in India. 4+8=12

8. Describe the trends in production and productivity of major food crops in the post-

green revolution era. Discuss the steps taken by government to increase the productivity of these crops. 3+3+6=12

9. What are the environmental consequences of economic development in India during the last two decades ? Discuss. 6+6=12

10. What are the major causes of regional disparities in India ? Explain the steps taken by the governments to alleviate regional disparities. 6+6=12

11. State the social security schemes introduced by the government of India. What are the main drawbacks and problems of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme ? 4+4+4=12

12. Write short notes on any ***three*** of the following : 3×4=12

(a) Fiscal Deficit

(b) Minimum Support Price

(c) Poverty line

(d) Externalities

(e) Human Development Index

# MEC–205

## स्नातकोत्तर उपाधि (अर्थशास्त्र)

## (एम.ई.सी./एम.ए.ई.सी)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

### एम. ई. सी.–205 : भारतीय आर्थिक नीति

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड से दिए गए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**खण्ड–क**

***नोट :*** इस खण्ड से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग 700 शब्दों दीजिए। 2×20=40

1. भारत में सेवा क्षेत्र के योगदान की प्रवृत्तियों तथा इसकी तीव्र वृद्धि के कारणों की चर्चा कीजिए। व्याख्या कीजिए

कि किस प्रकार 'एकीकृत सेवा नीति' सेवा क्षेत्र में इसकी निम्न उत्पादकता तथा गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद कर सकती है। 10+10=20

2. भारत में मौद्रिक नीति के क्या उद्देश्य हैं ? भारत में वर्तमान मौद्रिक ढाँचे के उद्भव का वर्णन कीजिए। 8+12=20

3. एम. एस. एम. ई. (MSME) क्षेत्र द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं ? सरकार द्वारा एम. एस. एम. ई. क्षेत्र को अनुकूल वातावरण प्रदान करने हेतु लिए गए नीतिगत उपायों की चर्चा कीजिए।10+10=20

4. हाल के वर्षों में भारत के बाह्य व्यापार की दिशा (direction) तथा संरचना (composition) में आए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए। क्या ये परिवर्तन भुगतान

सन्तुलन के चालू खाते में आए घाटे को कम करने में मददगार होंगे ? 5+5+10=20

## भाग–ख

***नोट :*** इस खण्ड से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग **400** शब्दों में दीजिए। 5×12=60

5. 'जनांकिकीय लाभांश' की अवधारणा को बताइए। भारत किस प्रकार इसके लाभ को बढ़ा सकता है ? 4+8=12

6. राज्य हस्तक्षेप के कौन–कौन से विभिन्न संयन्त्र (instruments) तथा संस्थान हैं ? बाजार में राज्य हस्तक्षेप की आवश्यकता को संक्षेप में बताइए। 6+6=12

7. 'वित्तीय संघवाद' से आप क्या समझते हैं ? भारत में वित्तीय संघवाद के अहम् मुद्दों को बताइए। 4+8=12

8. हरित क्रान्ति के बाद के समय में प्रमुख खाद्य फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता की प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए। इन फसलों की उत्पादकता में वृद्धि लाने हेतु सरकार द्वारा लिए गए प्रयत्नों की चर्चा कीजिए। 3+3+6=12

9. गत दो दशकों में भारत में आर्थिक विकास के पर्यावरणीय परिणाम क्या रहे हैं ? चर्चा कीजिए। 6+6=12

10. भारत में क्षेत्रीय विषमताओं के प्रमुख कारण क्या हैं ? सरकार द्वारा क्षेत्रीय विषमताओं को कम करने हेतु उठाए गए कदमों की चर्चा कीजिए। 6+6=12

11. भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को बताइए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना की क्या प्रमुख कमियाँ एवं समस्याएँ हैं ?

4+4+4=12

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त नोट लिखिए :

3×4=12

(क) वित्तीय घाटा

(ख) न्यूनतम समर्थन मूल्य

(ग) गरीबी रेखा

(घ) बाह्यताएँ

(ङ) मानव विकास सूचकांक

× × × × ×